विसर्जन के दौरान मारपीट का आरोप
विरोध में तीन घंटे बंद रहा पुनपुन बाजार

मसौढ़ी (आससे)। पुनपुन धर्मशाला चौराहे के समीप गुरुवार की सुबह दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस द्वारा कथित मारपीट किए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा।

श्रीबड़ी देवी पुरानी शिव मंदिर कमेटी, पुनपुन के सदस्यों और बाजारवासियों ने विरोध जताते हुए करीब तीन घंटे तक बाजार बंद रखा और धर्मशाला चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने पुलिस कर्मियों पर बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन का नेतृत्व पुनपुन निवासी नीरज कुमार, सतगुरु प्रसाद, सुनील ठाकुर, पप्पू राम और राजेश गुप्ता कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, दुर्गा प्रतिमा क्षेत्र भ्रमण के बाद पुनपुन बाजार के रास्ते मस्जिद के उत्तर की ओर पहुंची थी। इसी दौरान एक लड़का ड्यूटी पर तैनात पुरुष कांस्टेबल से टकरा गया। आरोप है कि इस क्रम में एक महिला सिपाही भी टकराकर गिर पड़ी। इसके बाद मौके पर तैनात सिपाही मोहम्मद हैदर अली सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने गोलू, रितिक, आयुष, रंजय, अमित, कुंदन और मोहित समेत कई बच्चों की डंडे से पिटाई कर दी। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि मारपीट में कई बच्चे चोटिल हो गए। घटना से नाराज पूजा समिति के सदस्यों और बाजारवासियों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाजार बंद रहने से इलाके की गतिविधियां प्रभावित रहीं। सूचना पर करीब तीन घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद पुनपुन थानाध्यक्ष बम-बम कुमार ने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए थाने बुलाया। अंचल निरीक्षक लाल बाबू राय की मौजूदगी में पूजा समिति के सदस्यों के साथ वार्ता हुई। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की बातें सुनीं और मामले पर चर्चा की। वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया और बाजार सामान्य हुआ।

धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाने की मांग पर अड़े पैक्स अध्यक्ष, दी बहिष्कार की चेतावनी

पालीगंज (आससे)। धान अधिप्राप्ति वर्ष 2026-27 में पैक्स अध्यक्षों को आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर गुरुवार को धरहरा गांव स्थित पम्पम मैरेज हॉल में प्रखंड स्तरीय बैठक हुई.बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष सह रामपुर नगवां पैक्स अध्यक्ष विजय सिंह ने की, जबकि संचालन मेरा पतौना पैक्स अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने किया। बैठक में पैक्स अध्यक्षों ने सरकार से समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि 15 नवंबर से पहले मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्ष धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू नहीं करेंगे। बैठक में पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि पालीगंज प्रखंड क्षेत्र सोन नहर से सिंचित होने के कारण इस वर्ष धान की अच्छी पैदावार हुई है। इसके बावजूद सरकार की ओर से निर्धारित धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य कुल उत्पादन की तुलना में काफी कम है। लक्ष्य जल्द पूरा हो जाने से किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर बिचौलियों और खुले बाजार में बेचनी पड़ती है. इससे किसानों में नाराजगी बढ़ती है और उन्हें पैक्स अध्यक्षों की नाराजगी का सामना करना पड़ता है.पैक्स अध्यक्षों ने धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाकर कुल उत्पादन का कम से कम 50 प्रतिशत करने की मांग की।

पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) की ओर से सीएमआर की आपूर्ति के बाद भुगतान में लगभग छह महीने की देरी होती है, जबकि पैक्स को किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान करना पड़ता है. इस कारण कई पैक्स डिफॉल्टर होने की स्थिति में



पहुंच गई हैं या अतिरिक्त ब्याज के बोझ से आर्थिक नुकसान उठा रही हैं.पैक्स को मिलने वाली कमीशन, मिलिंग शुल्क, पोलदारी और परिवहन मद की राशि ब्याज चुकाने में ही खर्च हो जा रही है.उन्होंने आगामी धान अधिप्राप्ति शुरू होने से पहले बकाया राशि की प्रतिपूर्ति करने की मांग की।

बैठक में कहा गया कि धान अधिप्राप्ति के तहत मिलने वाले कमीशन, मिलिंग शुल्क, मंडी श्रम शुल्क और हैंडलिंग शुल्क की दरों में वर्ष 2012-13 के बाद से वृद्धि नहीं हुई है, जबकि इस अवधि में महंगाई काफी बढ़ गई है. पैक्स अध्यक्षों ने अधिप्राप्ति शुरू होने से पहले इन दरों का पुनरीक्षण करने की मांग की। साथ ही किसानों को धान रखने के लिए दिए जाने वाले गन्नी बैग की दर 25 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप 75 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग उठाई। पैक्स अध्यक्षों ने स्पष्ट कहा कि धान अधिप्राप्ति व्यवस्था किसानों के हित से जुड़ी है.यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो सरकारी स्तर पर धान खरीद की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

बैठक में पटना जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष उमेश सिंह, मेनका देवी, रिंकू सिंह, नारायण शर्मा, पम्पम वर्मा, विनोद कुमार, ओम शर्मा, जितेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, अरविंद कुमार, श्यामदेव सिंह, रामप्रवेश सिंह, संजय शर्मा, सुमेर सिंह, गुड्डू कुमार, अंजनी शर्मा, बबलू पांडेय, अरिंजय सिंह और उत्पल कांत सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे।

विधान परिषद चुनाव आज

मसौढ़ी (आससे)। बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल में प्रखंड स्तरीय मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आज यानी 23 अक्टूबर को मतदान होना है, जिसकी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मसौढ़ी प्रखंड में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मसौढी प्रखंड के लिए मतदान केंद्र संख्या 15 (प्रखंड कार्यालय, पूर्वी भाग) है इस केंद्र पर कुल 1210 मतदाता हैं, जिनमें 916 पुरुष और 294 महिला मतदाता शामिल हैं।मतदान केंद्र संख्या 16 (प्रखंड कार्यालय, पश्चिमी भाग) बनाया गया है इस केंद्र पर कुल 490 मतदाता हैं, जिनमें 374 पुरुष और 116 महिला मतदाता हैं। वहीं अंचल कार्यालय, मसौढ़ी में पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र संख्या 8 पर कुल 180 मतदाता हैं, जिनमें 153 पुरुष और 27 महिला मतदाता हैं।इसके अलावा धनरूआ प्रखंड कार्यालय में भी पटना स्नातक निर्वाचन को लेकर मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 1205 मतदाता है जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे,वहीं शिक्षक निर्वाचन को लेकर 551 मतदाता है,बहरहाल प्रशासन के अनुसार मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बैलेट पेपर के माध्यम से होगा। मतगणना आगामी 27 अक्टूबर को पटना के ए.एन. कॉलेज में की जाएगी।

एमएलसी चुनाव को लेकर ग्रामीण एसपी ने निकाला फ्लैग मार्च

खुसरूपुर(आससे)। आगामी एमएलसी चुनाव और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल बनाए रखने के लिए गुरुवार को पुलिस द्वारा खुसरूपुर के विभिन्न इलाकों में एक भव्य फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च ग्रामीण एसपी कोमल मीणा,फतुहा डीएसपी-2 संजीव कुमार और खुसरूपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में निकाला गया। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने थाना परिसर से मार्च की शुरुआत की।

विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत, हत्या का आरोप

खुसरूपुर(आससे)। थाना क्षेत्र के सोमर टोला बैकठपुर में गुरुवार की दोपहर एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान स्वर्गीय शंकर कुमार की पत्नी नीतू कुमारी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, नीतू के पति शंकर की तीन महीने पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पति के निधन के बाद से नीतू अपने मायके नालंदा जिले के नूरसराय थाना अंतर्गत चरुहि पर गांव में रह रही थी। बुधवार को ही नीतू के ससुर और अन्य ससुराल वाले उसे मायके से विदा कराकर बैकठपुर लाए थे। बताया जा रहा है कि घर में किसी बात को लेकर कलह चल रही थी। नीतू की मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग बैकठपुर पहुंचे। उन्होंने ससुराल वालों पर नीतू की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही बैकठपुर मंदिर ओपी प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पत्रकार को भ्रातृशोक, मंत्री विधायक ने भी जताया शोक

मनेर। पत्रकार अमूल्य दीप साह एवं अमोल बजाज के बड़े भाई मनेर निवासी अवकाश प्राप्त प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार का निधन गुरुवार को हृदयगति रुकने से हो गया वे 68 वर्ष के थे। वर्तमान में वे सपरिवार खगौल के जज कोलनी में रह रहे थे। शुक्रवार की सुबह 8 बजे खगौल स्थित उनके घर से शव यात्रा दीघा घाट के लिए निकलेगा, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा। इन्होंने अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए हैं। इनके निधन पर सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, सांसद मीसा भारती, विधायक भाई वीरेंद्र, पूर्व विधायक प्रो0 सूर्यदेव त्यागी, सत्यजीत राज, कामेश्वर यादव, विनय कृष्ण, अंजू देवी, मनोज गुप्ता समेत सैकड़ों समाजिक-राजनैतिक लोगों दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट किया है।

मासूम को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर, ग्रामीणों ने चालक को पीटा

मसौढ़ी (आससे)। पटना-गया स्टेट हाईवे-1 पर धनरुआ थाना क्षेत्र के किश्तीपुर मोड़ के पास गुरुवार की देरशाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे 5 वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कॉर्पियो चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस से भी ग्रामीणों की हाथापाई हुई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस जख्मी चालक को भीड़ से निकालकर इलाज के लिए पटना भेज सकी। घायल बच्चे की पहचान किश्तीपुर निवासी सुभाष कुमार के 5 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई है।

रेल जनसंवाद में यात्रियों ने उठायी पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव की मांग

बिहटा (आससे)। दानापुर मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को रेल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के प्रमुख विद्युत इंजीनियर राजीव कुमार बरनवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टेशन पर स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करने, उपलब्ध जगहों का बेहतर उपयोग करने, कचरे का उचित निपटान और यात्रियों से फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं को जानना था।

राजीव कुमार बरनवाल ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से यात्रियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव लिए जा रहे हैं। यात्रियों ने बिहटा स्टेशन की साफ-सफाई पर संतोष जताया, लेकिन पैसेंजर ट्रेनों के लगातार विलंब से चलने पर नाराजगी व्यक्त की। यात्रियों ने कहा कि पटना-बक्सर रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेनें अक्सर दो से तीन घंटे की देरी से चलती हैं। इस पर



अधिकारी ने कहा कि पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बेहतर और समयबद्ध बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

वहीं, महिलाओं के लिए शौचालय और बाथरूम की सुविधा को लेकर भी यात्रियों ने अपनी समस्या रखी। इस पर अधिकारी ने आश्वासन दिया कि मौजूदा शौचालय के अलावा एक और शौचालय तथा बाथरूम की व्यवस्था उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

जनसंवाद के दौरान यात्रियों ने 13128 डाउन और 13127 अप आरा-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस तथा 12792 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस का बिहटा स्टेशन पर ठहराव देने की मांग उठाई। इस पर राजीव कुमार बरनवाल ने कहा कि यात्रियों की मांग उचित है। इसे मंडल से लेकर मुख्यालय और रेलवे बोर्ड तक पहुंचाया जाएगा।

मौके पर पूर्व मध्य रेल हाजीपुर एवं पूर्व मध्य रेल दानापुर के श्री राम सूरत सिंह, श्री रामाशीष यादव श्री शिशिर नगरिया श्री संजय कुमार श्री रणधीर कुमार सिंह सदानंद वरीय अनुभाग अभियंता के साथ बिहटा स्टेशन मास्टर जे. पी. पाल , आर पी एफ ए एस आई रवी सिंह,रिजर्वेशन काउंटर प्रमुख डी एम. सिंह के साथ सफाई कर्मचारी, जीआरपी के कई लोग मौजूद रहे मौजूद रहे।

बंद घर से नकद समेत साढ़े छह लाख के गहने-जेवरात चोरी

मसौढ़ी (आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र के पथरहट गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित रणजीत कुमार, पिता स्व. परमानन्द यादव, ग्राम-पोस्ट पथरहट, थाना धनरूआ ने आवेदन में बताया है कि रात अज्ञात चोरों ने उनके घर के मेन गेट की कुंडी काटकर ताला निकाल लिया और अंदर घुस गए। अंदर दो कमरों का ताला तोड़कर घर से बक्सा निकालकर सामने प्रमोद कुमार की खाली जमीन में ले गए। आरोप है कि बक्से में रखा नगद 21 हजार रुपये, सोने की नथिया, मंगलसूत्र, चैन, चांदी की पायल समेत अन्य जेवरात जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 50 हजार रुपये है, तथा पीतल के बर्तन, कपड़े और घर, जमीन व ऑफिस से संबंधित कागजात जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये है, चोरी कर लिया गया घटना की जानकारी पीड़ित के बड़े भाई अजीत कुमार को हुई, जिन्होंने सुबह डायल 112 को सूचना दी और मोबाइल से भाई रणजीत को भी जानकारी दी। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थल निरीक्षण किया।

चाची के अंतिम संस्कार में शामिल सरकारी अमीन नदी में डूबा

फतुहा (आससे)। फतुहा में गंगा नदी के मौनिया घाट पर नहाने के दौरान 23 वर्षीय सरकारी अमीन सूरज कुमार के डूबने की घटना से इलाके में शोक का माहौल है। सूरज अपनी चाची के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए फतुहा आए थे। इसी दौरान गुरुवार की शाम नदी में नहाने के समय उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर नदी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर तलाश अभियान शुरू कराया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूरज कुमार जहानाबाद जिले के उटा मदारपुर गांव के निवासी थे। वह पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में सरकारी अमीन के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता अलख प्रसाद मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सूरज चार भाइयों में सबसे बड़े थे और अभी उनकी शादी नहीं हुई थी युवक के नदी में डूबने की सूचना मिलते ही नदी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया और नदी में युवक की तलाश शुरू की गई। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, तलाशी अभियान के बावजूद सूरज का पता नहीं चल सका था। एक ओर परिवार के लोग चाची के अंतिम संस्कार के लिए फतुहा आए थे, वहीं दूसरी ओर सूरज के नदी में डूबने की खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। चार भाइयों में सबसे बड़े सूरज परिवार की उम्मीद था।

युवक की ईंट से कूचकर हत्या मामले में छह नामजद

मसौढ़ी (आससे)। मसौढ़ी थाना क्षेत्र में दशहरा मेला घूमने गए युवक की ईंट से कूचकर हत्या के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मृतक के पिता ने छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास की है। मृतक की पहचान मलमाचक निवासी दीनानाथ प्रसाद यादव के 25 वर्षीय पुत्र काजू यादव उर्फ काजू कुमार के रूप में हुई है। घटना मंगलवार देर रात की है। बुधवार सुबह छोटकी मसौढ़ी हॉल्ट के पास रेलवे पटरी किनारे उसका शव बरामद हुआ था।

परिजनों के अनुसार दशहरा के दिन राजू घर से मेला घूमने की बात कहकर निकला था। देर रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। इसी दौरान रेलवे पटरी पर शव पड़े होने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल से खून से सना ईंट का टुकड़ा, मृतक का मोबाइल, बाइक और गले में पहनी सोने की चेन बरामद हुई थी।

श्री लक्ष्मीनारायण चातुर्मास महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

नौबतपुर(आससे)। प्रखंड के चिरौरा गांव स्थित श्री राघवेंद्र परिसर में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण चातुर्मास महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्री 1008 स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज उर्फ सुमिरनजी के सान्निध्य में निकली इस धार्मिक यात्रा में करीब 1500 श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए। हाथी-घोड़े, सजे-धजे रथ और बैंड-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

कलश यात्रा की शुरुआत सुबह सात बजे पटना के दीघा घाट से हुई। वहां श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र स्नान किया और कलश में गंगाजल भरकर वाहनों से बादीपुर पनशाला पहुंचे। इसके बाद श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर पैदल यज्ञ स्थल के लिए रवाना हुए। पारंपरिक धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

यज्ञ स्थल पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने परिसर की परिक्रमा की। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलश स्थापित किया गया। इस दौरान पूरा परिसर धार्मिक जयकारों से गूंजता रहा। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

हत्या के प्रयास मामले में चार गिरफ्तार

खुसरूपुर(आससे)। थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर गांव से पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों में नामजद चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि बीते 21 अक्टूबर को गोबिंदपुर में आपसी लड़ाई-झगड़े को लेकर थाने में दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गोबिंदपुर निवासी स्व परमेश्वर सिंह के पुत्र सचिन कुमार व वीरेंद्र कुमार और स्व कैलाश सिंह के पुत्र मनोज कुमार व चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

युवक की पिटाई, बचाने गये पिता-पुत्री पर भी हमला

मसौढ़ी(आससे)। धनरूआ थाना क्षेत्र के महमदपुर पभेड़ा गांव में मारपीट की घटना को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। आवेदक अजय पासवान, 42 वर्ष, पिता हिरामन पासवान ने बताया कि वह महमदपुर पभेड़ा का निवासी है। शाम करीब 7 बजे उसका बेटा नितीश पासवान खंधा में घूमने गया था। आरोप है कि गांव के ही पोला कुमार और सनी कुमार दोनों मिलकर उसे मारते-पीटते हुए गांव के गौरैया स्थान, अशोक पासवान के घर के पास ले आए।हल्ला सुनकर अजय पासवान अपनी बेटी खुशबू कुमारी के साथ बेटे को छुड़ाने पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद पोला कुमार, 18 वर्ष, पिता रेनू पासवान, सनी कुमार, 19 वर्ष, पिता स्व. उमेश पासवान. पादू पासवान, 55 वर्ष, पिता स्व. रामदेव पासवान,तीनों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी और बेल्ट से मारपीट शुरू कर दी। पोला कुमार ने लाठी से सिर पर वार किया, जिससे सिर फट गया। सनी कुमार ने बेल्ट से मारकर दाहिने पैर के ऊपर चोट पहुंचा दी। सनी कुमार ने ही बेटी खुशबू कुमारी के दाहिने पैर पर बेल्ट से वार किया, जिससे जख्म हो गया। पीड़ित का आरोप है कि जब वह इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ गया था, तो रात करीब 8 बजे तीनों आरोपी उसके घर पहुंचे और उसके पिता हिरामन पासवान और मां मालती देवी के साथ भी लाठी से मारपीट की। मामले को लेकर थानाध्यक्ष से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेल जन संवाद में यात्रियों से लिया फीडबैक

मसौढ़ी(आससे)। पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर रेलवे परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ रेल वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था।तारेगना स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में रेल अधिकारियों ने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से संवाद किया। इस दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल स्थल तथा अन्य यात्री सुविधाओं की स्वच्छता से संबंधित सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किया गया। यात्रियों ने अपनी शिकायतें और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। रेल प्रशासन ने बताया कि प्राप्त शिकायतों एवं फीडबैक को संकलित कर उनकी समीक्षा की जाएगी और उनके समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए मुख्यालय और मंडल स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। इस मौके पर तारेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार एवं दानापुर रेल मंडल से आये सभी रेल पदाधिकारी शामिल रहे।

बिहार सरकार

राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

पुस्तक एवं जर्नल क्रय हेतु निविदा का प्रारूप

राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के केन्द्रीय पुस्तकालय / विभिन्न विभागीय पुस्तकालय हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के लिये मेडिकल के अद्यतन संस्करण के पुस्तक / जर्नल की आपूर्ति हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अंदर निम्नलिखित बिंदुओं पर ब्यौरा देते हुए The Federation of Publishers and Booksellers Association of India(FPBAI) मापदंड के शर्तों को पूरा करने वाले पुस्तक /जर्नल विक्रेता से निविदा मोहरबंद लिफ़ाफ़े में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को रविवार अथवा राजपत्रित अवकाश होने पर दूसरे दिन शाम 5:00 बजे तक होगी। निविदा की नियम एवं शर्तें तथा पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के कार्यालय से पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाईट https//gdschnalanda.ac.in डाउनलोड किया जा सकता है।

1. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदादाता को एक ही निविदा देनी होगी।
2. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मोहरबंद लिफाफा में भेजना होगा। (तकनीकी लिफ़ाफ़े के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय लिफ़ाफ़े के ऊपर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए।) दोनों निविदा एक बड़े लिफ़ाफ़े में मुहरबंद होगा जिस पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये पुस्तकालय के पुस्तक एवं जर्नल की आपूर्ति हेतु निविदा बड़े–बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में टंकित होना चाहिए।
3. निविदा की अंतिम तिथि के दूसरे दिन अपराह्न 12:30बजे दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र के साथ उपस्थित रह सकते हैं।
4. निविदादाता को अग्रधन राशि के रूप में रुपये 1,00,000/– (एक लाख रुपया मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के पदनाम से देय होगा, को जमा करना होगा। अनुमोदित निविदादाता का अग्रधन राशि दर अनुमोदन के पश्चात जमानत राशि के रूप में जमा रहेगा तथा अन्य निविदादाता की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी।
5. निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिये क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। क्रय समिति को बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा नालंदा स्थित न्यायालय अथवा पटना न्यायालय में होगा। दी गई शर्तों में किसी शर्त को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
6. Federation of Publisher's and Booksellers Associations of Indiaका सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्र नहीं रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा प्रथम दृष्टया रद्द कर दी जाएगी।
7. सफल निविदाकर्ता से इकरारनामा लिया जाएगा।
8. मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नल का मूल्य Subscriptionदर से अधिक नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई पुस्तकों एवं जर्नल का प्रकाशन दर (संबंधित कंपनी) विपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. F.O.R केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा में होगा। इसके लिये अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
10. विदेशी प्रकाशन में मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों का भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर निविदा प्रकाशन में देना होगा।

PR- 013960 (Health) 2026-27

प्राचार्य,
राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय का नाम- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यों के लिए (डबल बीड पद्धति)
निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No- 12/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 21/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 07/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 09/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, कार्यपालक पदाधिकारी कक्ष, नगर परिषद बाढ़।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 18/11/2026 समय– 17:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. कार्य की विवरणी–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website : - www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं.– 03 में बाजितपुर कमरू मियां के घर एवं महावीर मिस्त्री खुर्शीद आलम कैलाश प्रसाद के घर से रिजवान अहमद के घर होते हुए भवानी चौक तक रोड एवं नाला निर्माण कार्य।	6853756	137100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
2	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 03 में शर्मा सर के घर से उमेश ठाकुर एवं युसुफ मियां के घर होते हुए दिलीप रजक के घर होते हुए कलीम मियां , नसीम मियां के घर होते हुए मेन रोड इसराईल मियां के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4232846	84700	5000	As Per Self-Generated	03 माह
3	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 10 में बांध रोड से निरंजन जी , रामप्रवेश जी के घर होते हुए कब्रिस्तान चाहारदिवरी तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	4502576	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
4	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 10 में बांध रोड पोस्ट ऑफिस के बगल से अरूण कुमार चन्द्रवंशी , अशोक महतो ,टुनटुन जी , धनु यादव के घर होते हुए मसुद विगहा मेन रोड सोनल के घर तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य ।	5252385	105100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
5	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 15 में सत्यनारायण शर्मा के घर से रकेश विश्वकर्मा के घर तक एवं जयराम कुमार के घर से अजय पंडित के घर तक एवं चन्दन पंडित के घर से कारू चौधरी के घर तक एवं श्रवण पासवान के घर से अजय पंडित के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4198553	84000	5000	As Per Self-Generated	03 माह
6	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 16 में पिन्टु साव से शंम्भु ठठेरा, बब्लु जी के घर होते हुए उमानाथ रोड तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4686482	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
7	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 20 में मनोज कुमार (पोनी जी) के घर से पहलवान जी के घर होते हुए भाया शिशु ज्ञान स्कुल होते हुए प्रदिप के घर तक नाला निर्माण कार्य।	3567370	71400	5000	As Per Self-Generated	03 माह
8	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 24 में ढ़ेलवागोसाई मेन रोड से दुर्गा शर्मा , सहदेव तांती , सरजु मिस्त्री , सतीश शर्मा, राजो रवीदास तक एवं संजीत शर्मा के घर से बाबुलाल मिस्त्री भाया अनिल शर्मा के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4771684	95100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
9	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 26 में क्रांती तांती से जीओ पार्क रोड भाया सुनिल जी से पप्पु सिंह भाया हैपी मैरेज हॉल बाजीदपुर रोड से सुनिल देवी भाया गार्डेन मैरेज हॉल दयाचक मोड मुख्य सड़क तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5647362	113000	10000	As Per Self-Generated	03 माह
10	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 25 में धर्मेन्द्र कुमार के घर से ननु मियां के बोरिंग होते हुए अमृत पासवान के घर होते हुए श्याम यादव के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4801881	96100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
11	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 05 में कुन्दन जी , अवधेश जी ,छोटे सिंह , अशोक सिंह, विभिसन जी एव नवीन सिंह के घर होते हुए विक्की के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य ।	5185245	103800	10000	As Per Self-Generated	03 माह
12	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं. 1 में अलखनाथ रोड से अरूण कुमार अशोक कुमार , कौशल जी के घर होते हुए डॉ मदन मोहन के क्लिनीक एन. एच – 31 तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	6458015	129200	10000	As Per Self-Generated	03 माह
13	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 18 में अनिल जी के जमीन से अरूण मास्टर साहब के घर होते हुए दयानन्द , मो0 सलाउद्दिन , रिकु जी के घर होते हुए समुदायीक भवन तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5566682	111400	10000	As Per Self-Generated	03 माह
14	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 18 में गैस गोदाम रोड से गांधी मिस्त्री भाया मन्टु सिंह , जयप्रकाश नारायण तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	5062047	101300	10000	As Per Self-Generated	03 माह

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बाढ़

PR. No. 014091 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।